राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओटीएस पुलिया के सामने, जयपुर–302017
दूरभाष: 0141–2715522 E-mail: modelschoolest@gmail.com

क्रमांक : रा.स्कूल.शि.प./जय/मॉडल स्कूल/प्रवेश प्रक्रिया–170 द्वितीय/ 893 दिनांक : 23/6/21

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा अभियान
संबंधित जिले।

विषयः– स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों में सत्र 2021–22 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने के संबंध में निर्देश।

संदर्भ :– राज्य सरकार शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग के पत्र क्रमांक प. 4 (15) शिक्षा–1/मॉडल स्कूल/2008 पार्ट जयपुर दिनांक 23.02.15 एवं समसंख्यक पत्र दिनांक 30.06.15 एवं क्रमांक 4 (15)/शिक्षा–1/मॉ. स्कूल/ 2017 पार्ट जयपुर, दिनांक 17.06.2021 ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्रों के क्रम में लेख है कि सत्र 2021–22 में कक्षा 6 से 9 में रिक्त सीटों के विरूद्ध प्रवेश हेतु राजस्थान सरकार द्वारा जारी संदर्भित प्रवेश नीति अनुसार प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जानी है। इस हेतु राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के स्तर से निम्नानुसार कैलेण्डर निर्धारित किया जाता है :–

कक्षा–6 से 8 के विद्यार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया कैलेण्डर :–

क्र.सं.	प्रवेश प्रक्रिया संबंधी कार्य	तिथियाँ
1	समाचार पत्रों/इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से विज्ञप्ति जारी किया जाना एवं प्रवेश हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार।	जून, 2021 का चतुर्थ सप्ताह।
2	प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया पूर्ण करना	25.06.2021 से 30.06.2021
3	आवेदकों की सूची का निर्धारण	05.07.2021
4	प्रवेश हेतु चयनित आवेदकों की सूची जारी किया जाना	08.07.2021
5	चयनित आवेदकों से प्रवेश फार्म भरवाया जाना	12.07.2021
6	कक्षा 6 से 8 में प्रवेश कार्य पूर्ण कर शाला दर्पण पर प्रविष्टि करना।	15.07.2021

सत्र 2021–22 में कक्षा 6 से 8 में प्रवेश हेतु रिक्त स्थानों की उपलब्धता के आधार पर प्रवेश एवं आरक्षित सूची तैयार करने हेतु निम्नानुसार प्रवेश समिति का गठन किया जाता है –

क्र.सं.	प्रवेश समिति	पद
1	मॉडल स्कूल के निकटस्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का प्रधानाचार्य	अध्यक्ष
2	ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी अथवा CBEO द्वारा नामित ACBEO-I or ACBEO-II	सदस्य
3	स्थानीय ब्लॉक से एक जन प्रतिनिधि (अध्यक्ष द्वारा नामित)	सदस्य
4	मॉडल स्कूल का प्रधानाचार्य	सदस्य सचिव

कक्षा–9 के विद्यार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया कैलेण्डर :–

क्र.सं.	प्रवेश प्रक्रिया संबंधी कार्य	तिथियाँ
1	प्रवेश परीक्षा तिथि के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु विज्ञप्ति जारी किया जाना। (कक्षा 6–8 की विज्ञप्ति के साथ एक ही विज्ञप्ति में प्रकाशित करावें)।	जून, 2021 का चतुर्थ सप्ताह।
2	प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन किया जाना	25.06.2021 से 30.06.2021
3	प्रवेश परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र तैयार करवाना	05.07.2021
4	प्रवेश परीक्षा का ऑनलाईन आयोजन	08.07.2021
5	प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित कर चयनित आवेदकों की सूची जारी किया जाना।	12.07.2021
6	कक्षा–9 के प्रवेश का कार्य पूर्ण कर शाला दर्पण पर प्रविष्टि करना।	15.07.2021

कक्षा 9 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए प्रश्न–पत्र निर्माण, प्रवेश परीक्षा के क्रियान्वयन व प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न करने का समस्त उत्तरदायित्व जिला स्तर पर गठित समिति का होगा, समिति का गठन निम्नानुसार किया जाता है :–

क्र.सं.	जिला स्तरीय प्रवेश परीक्षा समिति	पद
I.	मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान	अध्यक्ष
II.	प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET)	सदस्य
III.	अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (ADPC), समग्र शिक्षा अभियान	सदस्य
IV.	प्रधानाचार्य–1 जिले में संचालित मॉडल स्कूलों में से	सदस्य
V.	कार्यक्रम अधिकारी, (मॉडल स्कूल) समग्र शिक्षा अभियान	सदस्य सचिव

- कक्षा–9 के लिए ऑनलाईन प्रवेश परीक्षा के दिशा–निर्देश पृथक से जारी किये जायेंगे।
- कक्षा 10 व 12 में सीबीएसई के नियमानुसार प्रवेश दिया जाये।
- मॉडल विद्यालयों में कक्षा 11 की प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित निर्देश पृथक से जारी किये जायेंगे।

संलग्न – संदर्भित पत्र

23/6/21

(एम. आर. बागडिया)
अति. राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर
2. निजी सचिव, आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक, रा.स्कू.शि.प., जयपुर।
3. निजी सहायक, अति.राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम, रा.स्कू.शि.प., जयपुर।
4. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समसा, संबंधित जिले।
5. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, संबंधित ब्लॉक।
6. संस्थाप्रधान, स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल, समस्त ब्लॉक।
7. रक्षित पत्रावली।

23/6/21

उपायुक्त–प्रथम